Adda247 | GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सी ई एन - ०१/२०२५ - CEN - 01/2025
## सहायक लोको पायलट की भर्ती/ Recruitment of Assistant Loco Pilot

| | |
|---|---|
| Test Date | 16/02/2026 |
| Test Time | 4:00 PM - 5:00 PM |
| Subject | RRB ALP CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB ALP**

**Q.1** नमित बिंदु A से शुरू करके पूर्व दिशा में 26 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 25 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 33 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह फिर बाएँ मुड़ता है और 35 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएँ मुड़ता है, 7 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
- ✗ A. 11 km, उत्तर की ओर
- ✗ B. 12 km, दक्षिण की ओर
- ✓ C. 10 km, उत्तर की ओर
- ✗ D. 13 km, दक्षिण की ओर

**Q.2** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. GKN
- ✓ B. LOS
- ✗ C. TXA
- ✗ D. OSV

**Q.3** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

ZWM URK PMI KHG ?

**Ans**
- ✗ A. FCL
- ✗ B. FDF
- ✗ C. KCE
- ✓ D. FCE

**Q.4** G, J, M, O, R, S और T में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
O और S के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। S की परीक्षा सप्ताह के अंतिम दिन है। G और J के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। T की परीक्षा, M की परीक्षा से ठीक एक दिन पहले है। R की परीक्षा शुक्रवार को नहीं है। J की परीक्षा, G की परीक्षा से पहले है।
मंगलवार को किसकी परीक्षा है?

**Ans**
- ✗ A. G
- ✗ B. T
- ✗ C. O
- ✓ D. J

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q.5** भारत में डेयरी उद्देश्यों के लिए मुख्य रूप से किस नस्ल के मवेशियों का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
- ✔ A. साहीवाल
- ✘ B. ओंगोल
- ✘ C. गिर
- ✘ D. कांकरेज

**Q.6** अभिनेत्र लेंस की अलग-अलग दूरियों पर वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देखने के लिए अपनी फोकस दूरी को समायोजित करने की क्षमता को क्या कहते हैं?

**Ans**
- ✘ A. दृष्टि निर्बंध
- ✘ B. दृष्टि परिसर
- ✘ C. अभिसरण क्षमता
- ✔ D. समंजन क्षमता

**Q.7** निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) O Q K K M I W K M F A F Y U T U B H T X S (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद भी एक स्वर है?

**Ans**
- ✘ A. दो
- ✘ B. एक भी नहीं
- ✘ C. तीन
- ✔ D. एक

**Q.8** निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।)
(बाएं) 3 7 2 6 2 7 3 8 7 3 7 6 4 2 4 5 4 9 5 7 7 2 4 (दाएं)
ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद एक सम अंक है?

**Ans**
- ✘ A. एक भी नहीं
- ✘ B. एक
- ✔ C. तीन
- ✘ D. दो

**Q.9** सात बॉक्स T, U, V, W, X, Y और Z एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि वे इसी क्रम में हों। X के ऊपर केवल एक बॉक्स रखा गया है। T को Y के ठीक ऊपर रखा गया है। U को Y के ठीक नीचे रखा गया है। V को सबसे नीचे से पाँचवें स्थान पर रखा गया है। W को Z के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। कौन-सा बॉक्स सबसे ऊपर रखा गया है?

**Ans**
- ✔ A. Z
- ✘ B. T
- ✘ C. U
- ✘ D. V

**Q.10** निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक क्या है?

89, 89, 64, 86, 64, 79, 81, 85, 82, 81, 75, 85, 82, 84, 61, 82, 81, 64, 74, 71, 61, 68, 77, 64, 79

**Ans**
- ✘ A. 89
- ✔ B. 64
- ✘ C. 82
- ✘ D. 81

Q.11 निखिल ने अपनी साइकिल रवि को 24% हानि पर बेची। रवि ने उसकी मरम्मत पर ₹486 खर्च किए और साइकिल को विकास को ₹2,875 में बेचकर 15% लाभ कमाया। निखिल के लिए साइकिल का लागत मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹2,540
- ✓ B. ₹2,650
- ✗ C. ₹2,460
- ✗ D. ₹2,710

Q.12 यदि संख्या 6785234 में प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए, तो निर्मित नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. चार

Q.13 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'Q × M + V – J ÷ P' है, तो Q का P से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. बहन का पति
- ✗ B. पिता
- ✗ C. भाई
- ✓ D. बहन का पुत्र

Q.14 उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार से निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए –13 पर संक्रियाएं, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(156,12,13)
(126,14,9)

Ans
- ✗ A. (198,24,8)
- ✓ B. (176,16,11)
- ✗ C. (196,15,13)
- ✗ D. (240,45,5)

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ समूह गैर-जैवनिम्नीय पदार्थों का प्रतिनिधित्व करता है?

Ans
- ✗ A. सब्जियों के छिलके, फूल, कागज
- ✗ B. घास, खराब भोजन, सब्जियों के छिलके
- ✓ C. प्लास्टिक बबल पैक, दूध के सामान्य पैकेट, दवा की प्लास्टिक की बोतलें
- ✗ D. खराब भोजन, सब्जियों के छिलके, इस्तेमाल की हुई चाय की पत्तियाँ

Q.16 एक कूट भाषा में, 'AGENT' को GAHTN के रूप में और 'ADOPT' को DARTP के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'DRINK' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✓ A. RDLKN
- ✗ B. SDLKM
- ✗ C. SEKNM
- ✗ D. REKNL

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.17 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) K N C G I N F Z X I J X M N W T K K S V V (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद एक व्यंजन है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.18 यदि किसी उत्तल दर्पण के सामने अनंत और ध्रुव (P) के बीच एक वस्तु रखी जाए, तो किस प्रकार का प्रतिबिंब बनेगा?

Ans
- ✓ A. आभासी, सीधा और छोटा (साइज़ में छोटा)
- ✗ B. वास्तविक, उल्टा और विवर्धित
- ✗ C. वास्तविक, उल्टा और छोटा
- ✗ D. वास्तविक, सीधा, और वस्तु के समान साइज़

Q.19 पांच व्यक्तियों V, W, X, Y और Z में से प्रत्येक की एक निश्चित आयु है। Y की आयु X की आयु की चार गुना है। V की आयु X की आयु की दो गुना है। Y की आयु W की आयु की पांच गुना है। W की आयु 12 वर्ष है। यदि Z की आयु V की आयु की तीन गुना है, तो Z की आयु कितनी है?

Ans
- ✗ A. 75
- ✗ B. 89
- ✗ C. 85
- ✓ D. 90

Q.20 एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) से क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
पांच स्तंभों, I, L, O, M और D में से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है, इनमें से सबसे ऊंचा स्तंभ कौन-सा है?

कथन:
(I) O, D से छोटा है।
(II) M, D से ऊंचा है।

Ans
- ✗ A. दोनों कथनों I और II में दी गई जानकारी एक साथ (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
- ✓ B. दोनों कथनों I और II में दी गई जानकारी एक साथ भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
- ✗ C. केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ D. केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात न्यूनतम है?

Ans
- ✓ A. 8 : 15
- ✗ B. 7 : 13
- ✗ C. 5 : 9
- ✗ D. 4 : 7

Q.22 केंद्रक के दोहरे परत वाले आवरण को ______ कहा जाता है।

Ans
- ✗ A. क्रोमैटिन भित्ति
- ✗ B. कोशिका भित्ति
- ✓ C. केंद्रक झिल्ली
- ✗ D. प्लाज्मा झिल्ली

Q.23 M, O की माता है। O, J की बहन है। T, K की पुत्री है। T, J की बहन है। J, B का पिता है। B, F की पत्नी है। M का K से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पति
- ✗ B. बहन
- ✗ C. भाई
- ✓ D. पत्नी

Q.24 दो धनात्मक पूर्णांकों का महत्तम समापवर्तक (HCF) = 12 और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) = 924 है। यदि इनमें से एक संख्या 84 है, तो दूसरी संख्या क्या है?

Ans
- ✗ A. 180
- ✓ B. 132
- ✗ C. 72
- ✗ D. 96

Q.25 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) से क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
पांच खंभों—I, N, C, H और L—जिनकी ऊंचाई अलग-अलग है, इनमें से सबसे छोटा खंभा कौन-सा है?
(I) L, N से छोटा है। H, I से छोटा है।
(II) H, L से ऊंचा है।

Ans
- ✓ A. दोनों कथन I और II एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
- ✗ B. दोनों कथन I और II एक साथ (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
- ✗ C. केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ D. केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Q.26 एक सेल के दौरान, 48% माल 31% लाभ पर बेचा जाता है, शेष का 25% माल 16% लाभ पर बेचा जाता है, और शेष माल को 32% हानि पर बेचा जाता है। यदि कुल लाभ x% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 7
- ✓ B. 4.48
- ✗ C. 8
- ✗ D. 7.5

Q.27 एक दुकानदार ₹10,000 अंकित मूल्य की एक वस्तु पर 20% और 30% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करता है, जिससे उसे वस्तु के क्रय मूल्य पर 12% का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. क्रय मूल्य = ₹5,000, विक्रय मूल्य = ₹5,500
- ✗ B. क्रय मूल्य = ₹4,000, विक्रय मूल्य = ₹5,000
- ✗ C. क्रय मूल्य = ₹5,000, विक्रय मूल्य = ₹6,000
- ✓ D. क्रय मूल्य = ₹5,000, विक्रय मूल्य = ₹5,600

Q.28 एक निश्चित कूट भाषा में, 'HATS' को '2743' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'AHUS' को '7483' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'U' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✓ A. 8
- ✗ B. 4
- ✗ C. 7
- ✗ D. 3

Q.29 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) N % Q E A L & M @ B & F > £ N H * # < L % P (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
- ✔ A. दो
- ✘ B. एक भी नहीं
- ✘ C. एक
- ✘ D. तीन

Q.30 एक व्यक्ति बिंदु A से बिंदु B तक 13 km/h की चाल से जाता है और उसी मार्ग से बिंदु B से बिंदु A तक 10 km/h की चाल से वापस आता है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. $10\frac{22}{23}$
- ✔ B. $11\frac{7}{23}$
- ✘ C. $11\frac{16}{23}$
- ✘ D. $12\frac{1}{23}$

Q.31 D, E, F, G, I, J और K एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
D और J दोनों का निकटतम पड़ोसी G है। J, I के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। K, I के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। F, J का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
E के बाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✔ A. D
- ✘ B. I
- ✘ C. F
- ✘ D. K

Q.32 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✘ A. CHN
- ✘ B. INT
- ✔ C. PUZ
- ✘ D. LQW

Q.33 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) W U G E K L T Q J W U J V E S C V K J T C (दाएं)
ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद एक व्यंजन है?

Ans
- ✘ A. दो
- ✘ B. एक
- ✘ C. तीन से अधिक
- ✔ D. एक भी नहीं

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.34 A, C, I, M, O, Q और W में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
M की परीक्षा गुरुवार को है। O और A के बीच केवल 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। Q की परीक्षा C से ठीक पहले है। I की परीक्षा शुक्रवार को नहीं है। O की परीक्षा C के बाद नहीं है।
A के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✓ B. 1
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

Q.35 पंकज, मीरा और अशोक ने क्रमशः ₹62,000, ₹70,000 और ₹83,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। वर्ष के अंत में, कुल लाभ ₹75,500 था। कुल लाभ का 14% दान में दे दिया गया और शेष राशि को उनके बीच लाभ के अनुपात में वितरित किया गया। अशोक का हिस्सा (₹ में) कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 24,954
- ✗ B. 25,183
- ✗ C. 25,206
- ✓ D. 25,066

Q.36 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ मग, बकरियाँ हैं।
सभी बकरियाँ, वर्ग हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ मग, वर्ग हैं।
(II) कुछ वर्ग, बकरियाँ हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✓ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.37 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।
(बाएं) ? + > * 1 + 7 & ^ 1 ^ 7 2 8 ? & > # ? 4 @ (दाएं)
ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
- ✓ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. चार

Q.38 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से YEVA का संबंध KQHM से है। उसी प्रकार, UARW का संबंध GMDI से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, EKBG का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✓ A. QWNS
- ✗ B. QWCG
- ✗ C. QNJU
- ✗ D. AQWE

Q.39 निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण, एक चालक के प्रतिरोध (R) को उसकी लंबाई (l), अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल (A) और प्रतिरोधकता (ρ) के साथ सही तरह से संबद्ध करता है?

Ans
✔ A. R=ρl/A
✘ B. R=A/ρl
✘ C. R=l/ρA
✘ D. R=ρA/l

Q.40 जब एक धनावेशित एल्फा कण को पतली स्वर्ण पन्नी से गुजारा जाता है, तो अधिकांश कण बिना विक्षेपण के सीधे गुजर जाते हैं। थॉमसन के परमाणु मॉडल के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस प्रेक्षण की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

Ans
✘ A. परमाणु में एक छोटा, सघन नाभिक होता है जो एल्फा कणों को प्रतिकर्षित करता है।
✔ B. धन आवेश पूरे परमाणु में समान रूप से वितरित होता है, और इसमें इलेक्ट्रॉन अंतर्निहित होते हैं।
✘ C. इलेक्ट्रॉन स्थिर कक्षाओं में नाभिक के चारों ओर चक्कर लगाते हैं।
✘ D. धन आवेश और द्रव्यमान परमाणु के केंद्र में संकेंद्रित होते हैं।

Q.41 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ A. DUP
✔ B. XPJ
✘ C. QHC
✘ D. JAV

Q.42 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?

Ans
✔ A. 21 : 36
✘ B. 17 : 30
✘ C. 18 : 31
✘ D. 25 : 43

Q.43 50 cm भुजा वाला एक ओटोमन, एक 6-भुजीय सफेद घनीय पासे का आवर्धित रूप है, जिसके फलकों पर 1 से 6 तक काले वृत्तीय बिंदु उत्कीर्ण हैं। यदि प्रत्येक उत्कीर्ण बिंदु 10 cm व्यास वाला एक वृत्त है, तो घनाकार पासे के उस भाग का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में, निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए, जिसपर कुछ उत्कीर्ण नहीं है।

Ans
✘ A. 15330
✔ B. 13351
✘ C. 12354
✘ D. 12422

Q.44 एक विद्यार्थी के अंक गलती से 59 के बजाय 23 दर्ज कर दिए गए। इसके कारण कक्षा के औसत अंक $\frac{9}{7}$ कम हो गए। कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या कितनी है?

Ans
✘ A. 30
✘ B. 36
✔ C. 28
✘ D. 35

Q.45 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करने पर, QT 3 का संबंध SS -16 से है। उसी प्रकार HK 7 का संबंध JJ -12 से है। इसी तर्क का अनुसरण करने पर, NO 11 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
✘ A. OO -6
✘ B. PO -6
✔ C. PN -8
✘ D. OM -8

Q.46 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
17 28 39 50 61 72 ?

Ans
- ✗ A. 87
- ✗ B. 81
- ✓ C. 83
- ✗ D. 85

Q.47 किसी द्रव के क्वथनांक पर क्या होता है?

Ans
- ✗ A. कण ऊर्जा का ह्रास करते हैं और एक-दूसरे के नजदीक आ जाते हैं।
- ✓ B. कण वाष्प में परिवर्तित होने के लिए पर्याप्त ऊर्जा प्राप्त करते हैं।
- ✗ C. कण तरल रूप में रहते हुए थोड़ा सा प्रसार करते हैं।
- ✗ D. कण स्थिर रहते हैं और किसी भी प्रकार का संचलन नहीं करते।

Q.48 नल A एक टैंक को 30 मिनट में खाली कर सकता है। नल B इसे 15 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों नल एक साथ चलते हैं, तो टैंक को खाली करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 20 मिनट
- ✗ B. 40 मिनट
- ✓ C. 10 मिनट
- ✗ D. 30 मिनट

Q.49 एक टैंक में तीन पाइप A, B और C हैं। A और B इनलेट पाइप हैं जबकि C एक आउटलेट पाइप है। पाइप A टैंक को 15 मिनट में भर सकता है। पाइप B इसे 20 मिनट में भर सकता है। पाइप C इसे 30 मिनट में खाली कर सकता है। पाइपों को निम्नलिखित चक्र में खोला जाता है।
मिनट 1: केवल A
मिनट 2: केवल B
मिनट 3: केवल C
यह चक्र टंकी के भर जाने तक दोहराया जाता है। टंकी को पूरी तरह भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. $27\frac{2}{3}$ मिनट
- ✓ B. $34\frac{1}{3}$ मिनट
- ✗ C. $32$ मिनट
- ✗ D. $36$ **मिनट**

Adda247

Q.50 यदि '+' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए तथा '-' और 'x' को आपस में बदल दिया जाए तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

368 + 46 x 7 - 23 ÷ 183 = ?

Ans
- ✗ A. 38
- ✗ B. 39
- ✓ C. 30
- ✗ D. 33

Q.51 एक वस्तु की कीमत ₹1600 थी। पहले वर्ष में इसमें 15% की वृद्धि और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद वस्तु की कीमत (₹ में) कितनी होगी?

Ans
- ✓ A. 2208
- ✗ B. 2106
- ✗ C. 1840
- ✗ D. 1920

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.52 यदि $6\sin y + \cos y = \sqrt{9}\sin y$ है, तो $\tan y$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $-\frac{1}{10}$
- ✗ B. $-\frac{1}{9}$
- ✗ C. $\frac{1}{3}$
- ✓ D. $-\frac{1}{3}$

Q.53 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
HBU NHA TNG ZTM ?

Ans
- ✗ A. FDR
- ✓ B. FZS
- ✗ C. FSE
- ✗ D. FXS

Q.54 $\frac{\sin A.\tan A}{1 - \cos A} - \frac{\cos A.\cot A}{1 - \sin A}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✓ A. secA − cosecA
- ✗ B. sinA − cosA
- ✗ C. cosecA − secA
- ✗ D. cosA − sinA

Q.55 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में कहा गया है कि राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रि-परिषद् होगी जिसका प्रधान, प्रधान मंत्री होगा और राष्ट्रपति अपने कृत्यों का प्रयोग करने में ऐसी सलाह के अनुसार कार्य करेगा?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 84
- ✓ B. अनुच्छेद 74
- ✗ C. अनुच्छेद 70
- ✗ D. अनुच्छेद 50

Q.56 सोहम बिंदु A से शुरू करके पश्चिम दिशा में 59 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 67 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 67 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह बाएँ मुड़ता है और 78 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएँ मुड़ता है, 8 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

Ans
- ✗ A. 13 km, दक्षिण की ओर
- ✓ B. 11 km, दक्षिण की ओर
- ✗ C. 12 km, उत्तर की ओर
- ✗ D. 10 km, दक्षिण की ओर

Q.57 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

75 A 3 D 14 C 9 B 4 = ?

Ans
- ✗ A. 31
- ✓ B. 47
- ✗ C. 63
- ✗ D. 59

**Q.58** किसी बंटन में, यदि माध्यिका 42 है तथा बहुलक 36 है, तो माध्य का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 45
- ✘ B. 40
- ✘ C. 36
- ✘ D. 42

**Q.59** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोटः संख्या को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए-13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा आदि 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(29, 116, 348)
(22, 88, 264)

**Ans**
- ✔ A. (17, 68, 204)
- ✘ B. (15, 60, 120)
- ✘ C. (26, 104, 332)
- ✘ D. (21, 94, 252)

**Q.60** वर्ष 2025 में प्रथम लोकपाल दिवस समारोह कहाँ आयोजित किया गया था?

**Ans**
- ✘ A. सर्वोच्च न्यायालय सभागार, नई दिल्ली
- ✘ B. विज्ञान भवन, नई दिल्ली
- ✘ C. संसद भवन, नई दिल्ली
- ✔ D. ज़ोरावर सभागार, मानेकशॉ केंद्र, दिल्ली कैंट

**Q.61** किसी संख्या के एक तिहाई में 17 की वृद्धि की जाए तो परिणाम 72 प्राप्त होता है। मूल संख्या के अंकों का योगफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 15
- ✘ B. 13
- ✔ C. 12
- ✘ D. 11

**Q.62** $6.84\overline{1} \quad - \quad 2.69\overline{1}$ को हल कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. $\frac{4035}{900}$
- ✘ B. $\frac{3835}{1100}$
- ✔ C. $\frac{3735}{900}$
- ✘ D. $\frac{3635}{909}$

**Q.63** एक कर्मचारी के वेतन में पहले 20% की वृद्धि होती है और फिर 10% की वृद्धि होती है। वेतन में कुल प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 30%
- ✘ B. 31%
- ✔ C. 32%
- ✘ D. 33%

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.64 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:
सभी राजा, बम हैं।
कोई तोता, राजा नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ बम, तोता नहीं हैं।
(II) कुछ बम, राजा हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✓ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.65 एक इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर ₹51,000 मूल्य के लैपटॉप पर दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। पहली छूट 10% है और दूसरी छूट 5% है। दोनों छूट के बाद अंतिम मूल्य कितना होगा?

Ans
- ✗ A. ₹46,305
- ✗ B. ₹44,305
- ✓ C. ₹43,605
- ✗ D. ₹43,506

Q.66 दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

98 110 123 137 152 ?

Ans
- ✗ A. 167
- ✗ B. 170
- ✗ C. 169
- ✓ D. 168

Q.67 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 18 का संबंध 54 से है। उसी तर्क के अनुसार 33 का संबंध 99 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 27 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटकीय अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए- 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✓ A. 81
- ✗ B. 79
- ✗ C. 85
- ✗ D. 84

Q.68 कितनी धनराशि (₹ में) पर 6% वार्षिक साधारण ब्याज दर से 2 वर्ष में ₹480 ब्याज अर्जित होगा?

Ans
- ✓ A. 4000
- ✗ B. 4200
- ✗ C. 4150
- ✗ D. 3800

Q.69 गोपाल ने अपने दो पोतों, 13 वर्षीय अक्षय और 14 वर्षीय अतुल के बीच ₹25200 इस प्रकार वितरित किए कि 23 वर्ष की आयु होने पर दोनों को बराबर राशि प्राप्त होगी। तब तक यह राशि बैंक में 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर जमा रहेगी जहां ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। गोपाल ने अतुल के नाम पर कितनी राशि (₹ में) जमा की?

Ans
- ✗ A. 11750
- ✗ B. 13550
- ✓ C. 13200
- ✗ D. 12000

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.70 दो ट्रेनें, A और B, जिनकी लंबाई क्रमशः 180 m और 220 m है, समानांतर पटरियों पर विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। वे 12 सेकंड में एक-दूसरे को पार कर लेती हैं। यदि वही दोनों ट्रेनें एक ही दिशा में चलती हैं, तो तेज़ चाल वाली ट्रेन द्वारा धीमी चाल वाली ट्रेन को पूर्ण रूप से पार करने में 60 सेकंड लगते हैं। तेज़ चाल वाली ट्रेन की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 48
- ✓ B. 72
- ✗ C. 64
- ✗ D. 80

Q.71 यह प्रश्न नीचे दिए गए तीन अंकों वाली पांच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 627 458 347 491 567 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या प्राप्त होगा?

Ans
- ✗ A. 11
- ✓ B. 13
- ✗ C. 14
- ✗ D. 12

Q.72 एक निश्चित तरीके से, AL8 का संबंध EQ40 से है। उसी तरीके से, MF13 का संबंध QK65 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UO5 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. MT25
- ✓ B. YT25
- ✗ C. ZT20
- ✗ D. XT20

Q.73 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित: उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
F, A के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। C, D के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। E और C के बीच केवल A बैठा है। B, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
E के दाईं ओर से गिनने पर D और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ A. 3
- ✗ B. 4
- ✗ C. 1
- ✗ D. 2

Q.74 सात बॉक्स T, W, Z, K, R, U और H एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि वे इसी क्रम में हों। W के नीचे केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। T को K के ठीक नीचे रखा गया है। H और W के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। H को T के ठीक नीचे रखा गया है। U को Z के ठीक ऊपर रखा गया है। W के ठीक ऊपर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
- ✗ A. T
- ✓ B. R
- ✗ C. Z
- ✗ D. K

Q.75 राज के पास 8 cm त्रिज्या का एक गोल आकार का केक था। उसने उसे चॉकलेट में डुबोकर फ्रीजर में रख दिया। कुछ समय बाद उसने देखा कि केक पर चॉकलेट की 2 cm मोटी परत जम जाती है। चॉकलेट में डुबोने के बाद केक के पृष्ठीय क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

Ans
- ✗ A. 52.25 %
- ✓ B. 56.25 %
- ✗ C. 62.25 %
- ✗ D. 58.25 %

"